22.05.2019

प्रेस प्रकाशनी

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने गुण गौरव सम्मान समारोह-2019 में सीबीएसई कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दिनांक 22.05.2019 को राजधानी में चतुर्थ गुण गौरव सम्मान समारोह -2019 का आयोजन किया गया। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने बारहवीं कक्षा के 75 विद्यार्थियों को सम्मानित किया, जिन्होंने सीबीएसई परीक्षाओं में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर श्रीमती रीना रे, सचिव (स्कूली शिक्षा और साक्षरता) ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की।

सचिव सीबीएसई, श्री अनुराग त्रिपाठी ने आमंत्रितगण का स्वागत किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए उन्हें अपने सपनों का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री जावड़ेकर ने प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों की सराहना की और उनके धर्य का अभिवंदन किया तथा विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए जिनमें ओवरऑल टॉपर्स, दिल्ली सरकार के विद्यालयों के विद्यार्थी, जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, निजी स्कूल, एससी / एसटी सहित निम्न आय समूह और विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी शामिल थे।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in

लगातार चौथी बार आयोजित यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास और योग्यता की स्वीकारोक्ति है जिन्होंने इन विद्यार्थियों में से कुछ के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां होते हुए भी बाधाओं को दूर करने के लिए अपना धर्य और दृढ़ता दिखाते हुए उच्च शैक्षणिक प्रदर्शन किया है।

75 पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से, 15 ओवरऑल टॉपर्स, दिल्ली सरकार के विद्यालयों के 08 विद्यार्थी, जेएनवी के 05, केंद्रीय विद्यालय के 05, एससी और एसटी वर्ग के 18 विद्यार्थी, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के तहत 09 विद्यार्थी और निम्न आय वर्ग से संबंधित 15 विद्यार्थी थे।

सीबीएसई, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, केवीएस और जेएनवी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई डॉ संयम भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

रमा शर्मा
वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी